## संक्षिप्त

### बंदरों के आंतक से लोग परेशान

**मनोहरपुर, (निसं)।** भामाशाह डी के सोनी व मनोहरपूर व्यापार मंडल के अध्यक्ष महेंद्र कुमार ने नगर पालिका से बंदरो को अविलम्ब पकडवाने की मांग की है। इन्होंने बताया कि बंदरो के आंतक से कस्बेवासियों का जीना हराम होरहा है आए दिन बंदर जनता को परेशान कर रहे है। छतों पर गृहणियां खाना बनाती है तो बंदरो की टोली अचानक हमला कर रोटियां लेकर भाग जाते है धूप में सुखाने के लिए रखे हुए कपडो को फाड़ देते है डिस एंटीना को तोड़ देते है अगर कोई इनका विरोध करते है तो बन्दर इनको काट लेते है या धक्का देकर छत से निचे गिरा देते है जिससे वो नारकीय जीवन जीने को मजबूर हो जाते है। जब बंदर किसी से कोई सामान छीनना चाहते है और कोई नही दे या उसका विरोध करे तो बंदरो की टोली ईटो को फेंककर इंसान को चोटिल कर देते हैं। कस्बे में कई लोग बंदरो के आंतक से चोटिल होकर नारकीय जीवन जीने पर मजबूर हो गए है। नगर पालिका कुछ दिनों तक बंदरो को पकड़वाने के लिए पिंजरे भी लगवाई थी लेकिन पूरे बंदरो को नही पकड़ा गया जिससे जनता बहुत दु:खी और परेशान हो रही है।

### बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई

**मनोहरपुर, (निसं)।** क्षेत्र में जनस्वास्थ्य सुरक्षा को मजबूत करने की दिशा में मनोहरपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लगातार प्रभावी कदम उठा रहा है। शुक्रवार को प्रभारी डॉ. नरेंद्र सिंह बधाला के दिशा-निर्देश में पल्स पोलियो अभियान के तहत मनोहरपुर टोल प्लाज़ा पर विशेष बूथ स्थापित किया गया, जहां गुजरने वाले शून्य से पाँच वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई गई।अभियान के दौरान स्वास्थ्य कर्मी भवानी शंकर शर्मा ने अपनी टीम के साथ मुस्तैदी से बच्चों को दो बूंद जीवन की पिलाकर जनजागरूकता का संदेश दिया। शर्मा ने बताया कि अभियान का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी बच्चा पोलियो की खुराक से वंचित न रहे। इस दौरान सारवान मोहल्ला की जैनब लोहानी व सालार अली लोहानी को पोलियो की खुराक पिलाई। प्रभारी डॉ. बधाला ने कहा कि पल्स पोलियो कार्यक्रम राष्ट्र स्तर पर बच्चों के भविष्य को सुरक्षित करने का महत्वपूर्ण अभियान है और मनोहरपुर इसे पूरी गंभीरता एवं जिम्मेदारी के साथ संचालित कर रहा है। स्वास्थ्य विभाग के इस सक्रिय अभियान की स्थानीय स्तर पर सराहना की जा रही है। टोल प्लाज़ा पर लगाए गए इस विशेष बूथ ने बड़ी संख्या में गुजरने वाले वाहन चालकों व परिवारों को लाभान्वित किया।

### अंतिम तिथि पांच दिसंबर तक बढ़ाई

**मनोहरपुर, (निसं)।** राजकीय डॉ. बी आर अंबेडकर छात्रावास मनोहरपुर में कक्षा 6 से 12 वीं तक के विद्यार्थियों के प्रवेश की अंतिम तिथि को बढ़ाकर 5 दिसंबर 2025 कर दिया गया है। आर्थिक रूप से कमजोर तथा दूर दराज क्षेत्रों से आने वाले विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ सुरक्षित आवास उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की ओर से संचालित इस छात्रावास में प्रवेश तिथि बढ़ाई है; ताकि अधिक से अधिक विद्यार्थियों को इसका लाभ मिल सके। इच्छुक विद्यार्थी अपने नजदीकी ई मित्र पर जाकर ऑनलाइन आवेदन भर सकते हैं।छात्रावास में विद्यार्थियों को निशुल्क आवास, पौष्टिक भोजन, खेलकूद सुविधा , नियमित ट्यूशन ओर आवश्यक शैक्षिक संसाधन उपलब्ध कराए जाते हैं।

### अंबेडकर विचार मंच की बैठक कल

**निवाई, (निसं)।** शिवाजी कॉलोनी में अंबेडकर सर्किल पर बुधवार को शाम 4:3० बजे अंबेडकर विचार मंच निवाई की बैठक आयोजित होगी। जिसमें संविधान दिवस पर विचार गोष्ठी रखी जाएगी। मंच के महामंत्री हेमराज वर्मा ने बताया कि बैठक में संविधान दिवस पर विचार गोष्ठी के साथ सर्व सम्मति से नवीन कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा।

### एनीमिया की जांच की

**निवाई।** गांव रजवास में कोटक महिंद्रा बैंक व बन्धन कोन्नागर के संयुक्त तत्वावधान में गर्भवती महिलाओं एवं किशोरी बालिकाओं की एनीमिया की जाँच की गई। बन्धन की हेल्थ कम्युनिटी ऑर्गनाइजर सुनीता जैन ने गर्भवती महिलाओं एवं किशोरी बालिकाओं को घर-घर जाकर जागरूक किया और उन्हें स्वयं अपने साथ सब-सेंटर पर लेकर आईं, ताकि सभी लाभार्थियों की समय पर जाँच सुनिश्चित की जा सके।

# कोई भी पात्र मतदाता सूची में जुड़ने से वंचित न रहे : जिला कलेक्टर

**डीग/भरतपुर, (निसं)।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में संचालित श्विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 कार्यक्रम के तहत सोमवार को जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलेक्टर उत्सव कौशल की अध्यक्षता में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों और बूथ लेवल एजेंट्स की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में डीग-कुम्हेर विधायक डॉ. शैलेश सिंह, उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजकुमार कस्वां सहित विभिन्न दलों के बीएलए उपस्थित रहे।

बैठक को संबोधित करते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी उत्सव कौशल ने बताया कि विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत जिले में अब तक 70 प्रतिषत से अधिक मतदाताओं का डेटा डिजिटाइजेशन कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण किया जा चुका है। जिला स्तर पर कार्यों की निरंतर मॉनिटरिंग की जा रही है।

उन्होंने सभी राजनीतिक दलों के बूथ लेवल एजेंट्स से आठाह किया कि वे अपने-अपने मतदान केंद्रों के बूथ लेवल अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित करें। कौशल ने कहा, आप यह



विशेष गहन पुनरीक्षण जिला निर्वाचन अधिकारी ने राजनीतिक दलों की बैठक ली।

सुनिश्चित करें कि कोई भी पात्र मतदाता सूची में जुड़ने से वंचित न रहे और सभी मतदाताओं का सत्यापन समयबद्ध रूप से पूर्ण हो।

डीग-कुम्हेर विधायक डॉ. शैलेश सिंह ने अभियान के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा, यह मतदाता सूची बेहद अहम है क्योंकि भविष्य में होने वाले पंचायत, नगर निकाय, विधानसभा और लोकसभा के सभी चुनाव इसी सूची के आधार पर संपन्न होंगे। उन्होंने सभी बूथ लेवल एजेंट्स को निर्देशित किया कि वे पूरी सक्रियता के साथ अपने-अपने क्षेत्र के वोटर्स का नाम मतदाता सूची में जुड़वाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि एक शुद्ध और त्रुटि-रहित मतदाता सूची ही निष्पक्ष लोकतांत्रिक प्रक्रिया की गारंटी है।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बैठक में स्पष्ट किया कि मतदाता सूची में दोहरे पंजीकरण को किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि यदि कोई व्यक्ति जानबूझकर दो स्थानों पर अपना नाम रखता है, तो नियमानुसार विधिक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने सभी राजनीतिक दलों से अपील की कि

> ■ 'एक शुद्ध और त्रुटि-रहित मतदाता सूची ही निष्पक्ष लोकतांत्रिक प्रक्रिया की गारंटी है'

वे दोहरे पंजीकरण को हटाने में प्रशासन का सहयोग करें।उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजकुमार कस्वां ने बैठक में कहा कि बूथ लेवल एजेंट लोकतंत्र की एक महत्वपूर्ण कडी हैं। उन्होंने बीएलए से आठाह किया कि वे अपने बूथ की मतदाता सूची का सूक्ष्मता से निरीक्षण करें और यदि कोई विसंगति पाई जाती है, तो उसे बीएलओ के ध्यान में लाएं। कस्वां ने कहा कि 70 प्रतिषत कार्य हो चुका है, अब शेष 30: कार्य को पूर्ण करने में सभी का सक्रिय सहयोग अपेक्षित है।

बैठक में उपस्थित कांग्रेस, भाजपा और अन्य दलों के प्रतिनिधियों ने प्रशासन को पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि वे अपने स्तर पर मतदाताओं को जागरूक करेंगे और प्रपत्र संकलन में बीएलओ की मदद करेंगे।

## 'सत्य बोलना सरल है लेकिन सत्य सुनना सरल नहीं है'

**निवाई, (निसं)।** सकल दिगंबर जैन समाज के तत्वावधान में जैन नसियां मंदिर में मुनि प्रभव सागर महाराज के सानिध्य में भगवान चंद्रप्रभु शांतिनाथ का पंचामृत अभिषेक कर शांतिधारा की गई। इस दौरान श्रद्धालुओं द्वारा शास्त्र भेंट, गुरु की पूजा, नव देवता पूजा, शांतिनाथ एवं चंदाप्रभु भगवान की पूजा अर्चना धूमधाम से गाजे बाजे के साथ की गई। जिसमे श्रद्धालुओं की भीड उमडी पडी।

जैन समाज के प्रवक्ता सुनील भाणजा एवं हितेश छाबडा ने बताया कि श्रद्धालुओं ने आचार्य वर्धमान सागर महाराज के ससंघ का आशीर्वाद प्राप्त करके महाराज के जमकर जयकारें लगाए। जिससे आस-पास का वातावरण गुंजायमान हो गया। नित्य नियम पूजा, शास्त्र भेंट व गुरु पूजन किया। धर्म सभा का शुभारंभ महिला मंडल के द्वारा मंगलाचरण करके किया। मुनि प्रभव सागर महाराज ने कहा कि जो लोग पुरस्कार व सम्मान प्राप्त करके अहंकार में डूब जाते है, वह लोग शीघ्र ही असफलता में डूब जाते हैं, क्योंकि अहंकार का वजन इतना ज्यादा होता है। जिसके कारण सभी गुण डूबी हुई नौका के सामान नष्ट हो जाते हैं। सत्य बोलना सरल है लेकिन सत्य सुनना सरल नहीं है। उन्होंने कहा कि ज्यादा साहस सत्य बोलने में नहीं लगता है, साहस तो सत्य सुनने में लगता है। इसलिए सत्य तो बोलों पर सत्य को सुनना भी सीखों। उन्होंने बताया की प्रेम में बडी शक्ति है। संत जहां भी जाते हैं, वहां अपने प्रेम व गुणों से सबको अपना लेते हैं तुम लोगों के मन में भी आया हो कि संतों के पास हमेशा भक्तों का जमघट लगा ही रहता है और जादूगर के पास भी जनता का मजमा रहता है आखिर क्यों जादूगर से पूछो कि तुम्हारे इस मजमें का राज क्या है तो वह कहता है। संत कहते है कि जादूगर के पास हाथ की सफाई होती है और मुनि के पास दिल की सफाई व ह्रदय की सच्चाई होती है। दिल की सफाई ही क्षीरसागर है। तो संत के प्रेम का जादू जादूगर के सर पर भी चढकर बोलता है। इस अवसर पर विमल बगडी, महावीर प्रसाद, मनोज जैन, नवरत्न टोंग्या, मनीष झिलाय, अमित कटारिया, दिनेश चंवरियां, सुनील भाणजा, हितेश छाबडा, सुरेशचंद माधोराजपुरा, पारस पराणा, अरुण लटूरिया, गोलू चंवरिया, निर्मल सुनारा, विमल जैन, आशीष चंवरिया, सुरेश पाटनी, महेंद्र चंवरिया, महावीर प्रसाद जैन, अनिल भाणजा व संजय जैन सहित कई श्रद्धालु मौजूद थे।

## ग्रामीण क्षेत्र सहित शहर में होंगे विकास कार्य : रामसहाय वर्मा

**निवाई, (निसं)।** भगतसिंह कॉलोनी में भगतसिंह पार्क का नवीनीकरण व सामुदायिक भवन का लोकार्पण समारोह पूर्वक किया गया। समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक रामसहाय वर्मा, अध्यक्षता कर रहे पालिका अध्यक्ष दिलीप इसरानी व भाजपा शहर अध्यक्ष नितिन छाबडा द्वारा शहीद भगतसिंह की मूर्ति पर तिलक और माला पहनाकर किया गया।

मुख्य अतिथि विधायक रामसहाय वर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि निवाई विधानसभा क्षेत्र में करोडों रूपयों के विकास कार्य प्रगति पर है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र सहित शहर में कई विकास कार्य किए जा रहे हैं। नगर पालिका क्षेत्र में करोडों रूपए की लागत से विकास कार्य करवा कर आम जन को राहत देने का कार्य किया जा रहा है। आमजन की हर समस्या का निराकरण किया जा रहा है।

अध्यक्षता कर रहे नगर पालिका अध्यक्ष दिलीप इसरानी ने कहा कि शहर में करोडों रूपए की लागत से विकास कार्य के नए आयाम स्थापित किए जा रहे हैं। हर वार्ड में विकास के कार्य प्रगति



भगतसिंह कॉलोनी में विकास कार्यो का लोकार्पण करते विधायक रामसहाय वर्मा व दिलीप इसरानी।

पर है। जल्द ही शहर के 80 फीट रोड पर दांडी यात्रा व सेंट्रल पार्क का निर्माण कार्य किया जा रहा है। जल्द ही उनका उद्घाटन किया जाएगा।

शहर अध्यक्ष नितिन छाबडा ने बताया कि भगतसिंह कॉलोनी में लगभग 60 लाख रुपए से अधिक लागत के विकास कार्य हुए है। जिनका सोमवार को लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर अधिशाषी अधिकारी मनोहरलाल जाट, प्रमुख उद्योगपति ओमप्रकाश गुप्ता, पार्षद परसराम कुमावत, राजकुमार करनानी, मदन वर्मा, करण सिंह, गिरिराज चौधरी, दुर्गाशंकर सेन, मंगलराम मीणा, जयनारायण कुमावत, संजय वर्मा, महावीर माधोराजपुरा, कजोड सेदरिया, प्रेमचंद गिंदोडी, धर्मचंद नेहरू, चेतन जैन व सुनील झिलाय सहित कई जनप्रतिनिधि व अधिकारी मौजूद थे।

## दिव्यांग बच्चों को गर्म कपड़े किये वितरित

**कोटपूतली, (निसं)।** टीम स्वच्छता सेवा दल के तत्वाधान में यहां के राजकीय सरदार उच्च माध्यमिक विधालय में दिव्यांग एवं विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को सर्दी से सुरक्षा के लिये गर्म कपडे एवं अन्य आवश्यक सामग्री वितरित की गई। कार्यक्रम का उद्देश्य इन बच्चों की विशेष जरूरतों को ध्यान में रखते हुये उन्हें सहयोग एवं प्रोत्साहन प्रदान करना था। संयोजक प्रवीण कुमार बंसल ने बताया कि टीम स्वच्छता सेवा दल द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी दिव्यांग बच्चों को गर्म वस्त्र व आवश्यक सामठाी वितरित की गई है, ताकि वे सर्दी के मौसम में किसी कठिनाई का सामना नहीं करें। मुख्य अतिथि भाजपा जिला महामंत्री सुरेंद्र चौधरी ने कहा कि समाज में दिव्यांग बच्चों को विशेष रूप से समान अधिकार दिए जाने चाहिए।

किसी भी प्रकार का भेदभाव अस्वीकार्य है। इन्हें शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक जीवन और कानूनी सहायता जैसे सभी क्षेत्रों में समान अवसर और सुरक्षा मिलनी चाहिए। बजरंग दास महाराज ने कहा कि भगवान के प्रति आस्था एवं धार्मिक कार्यों में रुचि रखने से सकारात्मक ऊर्जा का विकास होता है, जो बच्चों के समठा विकास में सहायक है। एसबीओ पूरण चंद कसाना ने बताया कि सरदार विद्यालय में दिव्यांग बच्चों हेतु परामर्श दात्री कार्यशाला आयोजित की गई। जिसमें जरूरतमंद बच्चों को ऊनी स्वेटर, ऊनी टोपा, गर्म जुराब सहित अन्य सामठाी वितरित की गई। उन्होंने बताया कि कार्यशाला में बच्चों व अभिभावकों को दिव्यांगता के प्रति सकारात्मक सोच अपनाने के लिए प्रेरित किया गया तथा बच्चों को टीचिंग लर्निंग मेटेरियल किट भी प्रदान की गई। प्रधानाचार्य बलवंत यादव ने दिव्यांग बच्चों के साथ समय बिताने तथा उन्हें निरंतर प्रोत्साहित करने की अपील की।

## अर्द्धवार्षिक परीक्षा के बीच प्रधानाचार्यों का स्थानांतरण

**चाकसू, (निसं)।** स्थानीय विधायक की मौजूदगी और समान राजनीतिक दल की सरकार होने के बावजूद क्षेत्र के कई विद्यालयों के प्रधानाचार्यों का अचानक स्थानांतरण कर दिया गया है। ऐसे समय में जब विद्यार्थियों की अर्द्धवार्षिक परीक्षाएँ चल रही हैं, इस निर्णय से अभिभावकों, विद्यार्थियों और शिक्षकों में चिंता बढ़ गई है। राजस्थान प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षक संघ का कहना है कि परीक्षा अवधि में प्रशासनिक बदलाव से विद्यालयों की शैक्षिणक व्यवस्था प्रभावित हो सकती है। संघ के ब्लॉक अध्यक्ष गणेश नारायण यादव ने भी स्थानीय विधायक से अपील की है कि शिक्षक और विद्यार्थी हित में स्थानीयता के महत्व को नजरअंदाज न किया जाए। संघ के जिला प्रवक्ता रमेश सिर्रा का यह भी कहना है कि कई स्थानीय शिक्षक पहले से ही बाहरी जिलों में पदस्थापित हैं, और अब स्थानीय प्रधानाचार्यों के स्थानांतरण से क्षेत्र के विद्यालयों में स्थिरता और नेतृत्व पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है।स्थानीय निवासियों का प्रश्न है कि जब क्षेत्र में स्वयं स्थानीय विधायक मौजूद हैं और सरकार भी उसी दल की है, तो ऐसे समय में स्थानीयता की अनदेखी पर उन्हें क्या लाभ मिला? लोग उम्मीद जता रहे हैं कि जनप्रतिनिधि स्थिति का संज्ञान लेकर विभागीय स्तर पर उचित पहल करें, ताकि स्कूलों की शैक्षणिक व्यवस्था सुचारू बनी रहे।

## 'आयोग संवाद से अन्य पिछडा वर्ग को राजनैतिक प्रतिनिधित्व देने के लिये फीडबैक लेकर रिपोर्ट तैयार करेगा'

**भरतपुर, (निसं)।** अन्य पिछडा वर्ग आयोग (राजनैतिक प्रतिनिधित्व) ने सोमवार को नगर निगम सभागार में संभाग स्तरीय संवाद कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, विभिन्न सामाजिक संगठनों, नागरिक संस्थाओं से स्थानीय निकायों एवं पंचायत राज संस्थाओं में राजनैतिक आरक्षण के बारे में जनसंवाद किया।

आयोग के अध्यक्ष सेवानिवृत न्यायाधीश मदन लाल भाटी ने कहा कि आयोग संभाग स्तर पर संवाद के माध्यम से अन्य पिछडा वर्ग को राजनैतिक प्रतिनिधित्व देने के लिये फीडबैक लेकर रिपोर्ट तैयार करेगा जिससे वाजिब लोगों को राजनैतिक प्रतिनिधित्व मिल सके। उन्होंने कहा कि आयोग द्वारा स्वतंत्र रूप से सर्वे भी कराया जायेगा जिसमें राजनैतिक, सामाजिक, शैक्षिणक एवं आर्थिक पिछडेपन का पारदर्शिता से आंकलन किया जा सके। उन्होंने बताया कि आयोग वंचितों को आरक्षण का लाभ मिल सके इसके लिये राजनैतिक प्रतिनिधित्व के लिये माननीय सर्वोच्च न्यायालय के दिशा निर्देशों के अनुरूप सरकार को अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगा।

जनसंवाद कार्यक्रम में सदस्य मोहन मोरवाल, एडवोकेट गोपाल कृष्ण, पवन मंडाविया भी उपस्थित रहे।

सदस्य सचिव अशोक जैन ने




अन्य पिछडा वर्ग आयोग ने जनसंवाद किया।

आयोग के गठन एवं उद्वेश्य के बारे में जानकारी देते हुये बताया कि सर्वोच्च न्यायालय के दिशा निर्देशों की पालना में राजनैतिक प्रतिनिधित्व के लिये आयोग संवाद एवं सर्वे कर रहा है। उन्होंने बताया कि आयोग द्वारा सर्वे के लिये स्वतंत्र संस्था के साथ मोबाईल एप से भी सहायता ली जायेगी जिससे सटीक जानकारी मिल सके। उन्होंने स्थानीय निकायों में राजनैतिक आरक्षण के संबंध में आयोग के कार्यालय, मेल के द्वारा अथवा व्यक्तिशः मिलकर सुझाव देने के बारे में अनुरोध किया। मुख्य कार्यकारी अधिकारी मृदुल सिंह ने जनसंवाद कार्यक्रम में आये सभी संभागीयों का स्वागत कर राजनैतिक प्रतिनिधित्व के बारे में सुझाव देने का आव्हान किया।

जनसंवाद कार्यक्रम में संभाग के सभी जिलों के जनप्रतिनिधि, सामाजिक नागरिक संगठनों के पदाधिकारियों ने सुझाव दिये। जनसंख्या के आधार पर ओबीसी का राजनैतिक प्रतिनिधित्व बढाने का सुझाव सभी ने दिया। राजनैतिक, शैक्षिणक, पिछडापन जिलेवार अलग-अलग होने के कारण राजनैतिक प्रतिनिधित्व भी जिलेवार अलग अलग तय करने का सुझाव दिया। जिलेवार एससी, एसटी एवं ओबीसी का जनसंख्या अनुपात के आधार पर आरक्षण तय करने का सुझाव दिया गया। मूल ओबीसी की जातियों को राजनैतिक प्रतिनिधित्व मिल सके इसके लिये वंचित जातियों के लिये विशेष प्रावधान किया जाये। भरतपुर में अन्य प्रदेशों से विवाह उपरान्त आने वाली समान जाति की महिलाओं को भी राजनैतिक प्रतिनिधित्व

> ■ अन्य पिछडा वर्ग को राजनैतिक प्रतिनिधित्व देने जनप्रतिनिधियों व सामजिक संस्थाओं से लिया फीडबैक

का लाभ दिया जाये। मण्डल आयोग द्वारा जनसंख्या के अनुपात में शैक्षिणक व आर्थिक, सामाजिक पिछडेपन के आधार पर आरक्षण दिया था वर्तमान में जनसंख्या बढी हैं, आरक्षण बढाया जाये। ओबीसी आयोग द्वारा पूर्व में किये गये सर्वे के आधार पर राजनैतिक प्रतिनिधित्व दिया जाये।

जनसंवाद कार्यक्रम में पूर्व विधायक टोडाभीम रमेश चंद मीना, पूर्व नेता प्रतिपक्ष नगर निगम रूपेन्द्र सिंह, गिरधारी तिवारी, पार्षद रामेश्वर सैनी, पूर्व डिप्टी मेयर कृपाल सिंह, सरपंच चौनसिंह फौजदार, जाट महासभा के प्रेमसिंह कुंतल, पूर्व सरपंच गांधीदेव कामरेट, जाट सूरज सेना के अरविंदपाल सिंह, सरपंच भाग्यश्री मीना, पार्षद बृजेश कसाना, लक्ष्मण सिंह सैन, गंगापुर प्रधान मंजू गुर्जर, सवाईमाधोपुर से उदय सिंह गुर्जर, धौलपुर से आशाराम बघेल, करौली से गोवर्धन सिंह जादौन ने सुझाव दिये।

## सार-समाचार

### थाना प्रभारी ने ग्रामीणों से किया संवाद

**पावटा, (निसं)।** पुलिस आयुक्त, रेंज आईजी सहित जयपुर- पुलिस मुख्यालय द्वारा जारी किए प्रदेश में पुलिस गश्त के आदेशो की पालना में जिला कोटपुतली बहरोड़ पुलिस अधीक्षक देवेंद्र विश्नोई के निर्देशन पर प्रागपुरा थाना प्रभारी भजनाराम ने पुलिस टीम के साथ सोमवार शाम 7 बजे पावटा कस्बे के मुख्य बाजारों व भीड़भाड़ वाले इलाकों में पैदल गश्त की। इसका उद्देश्य क्षेत्र में शांति और कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करना था। इस दौरान पुलिस टीम ने गहन निरीक्षण किया और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। गश्त के दौरान, प्रागपुरा थाना प्रभारी भजनाराम ने स्थानीय ग्रामीणों से सीधा संवाद स्थापित किया। उन्होंने उनकी समस्याएं सुनीं और क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर उनके सुझाव भी लिए। थाना प्रभारी भजनाराम ने आम जनता को सुरक्षा का भरोसा दिलाया। उन्होंने लोगों से अपील की कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि या व्यक्ति की सूचना तुरंत पुलिस को दें, ताकि समय पर आवश्यक कार्रवाई की जा सके। पुलिसकर्मियों ने व्यापारियों को अपने प्रतिष्ठानों व घरो पर लगे सीसीटीवी कैमरों को रात में भी चालू रखने के निर्देश दिए, जिससे भविष्य में होने वाली घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके। उन्होंने जोर देकर कहा कि क्षेत्र में शांति, सद्भाव और कानून व्यवस्था बनाए रखना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। थाना प्रभारी ने यह भी स्पष्ट किया कि पुलिस जनता की सेवा और सुरक्षा के लिए सदैव तत्पर है। शाम के व्यस्त समय में पैदल गश्त से अपराधियों में भय पैदा होगा और बाजार क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत होगी। आगे भी प्रदेशभर में इस अभियान का औचक निरीक्षण किया जाएगा, ताकि गश्त को सिर्फ औपचारिकता नहीं, बल्कि प्रभावी बनाया जा सके।

### पुरुष गार्ड को देखकर जताई नाराजगी

**भरतपुर, (निसं)।** राजमेश के सहायक आचार्य एवं नोडल ऑफिसर डॉ. महेंद्र सिंह वर्मा की टीम ने बुधवार को राजकीय आरबीएम अस्पताल और जनाना अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल की व्यवस्थाओं का जायजा लिया राजकीय जनाना अस्पताल में महिला वार्ड में पुरूष गार्ड को देखकर नाराजगी जताई एवं महिला वार्ड में महिला स्टॉफ,मेडिकल कॉलेज के हॉस्टल में महिला गार्ड लगाने के दिशा निर्देश दिए। नोडल अधिकारी महेंद्र वर्मा के साथ सहायक लेखाधिकारी कविता बैरवा निर्माण प्रबंधक हरीमोहन सैनी भी साथ में रहे। डॉ. वर्मा ने बताया कि हाल ही में एसएमएस अस्पताल में हुई घटना को देखते हुए भविष्य में ऐसी घटनाउनकी पुनरावृत्ति नहीं हो, इसके लिए फायर संसाधनों की जांच की गई, जो ठीक मिले। सुरक्षा और बिजली व्यवस्था भी ठीक मिली । लेकिन सफाई व्यवस्था में सुधार की जरूरत है। अस्पताल की सफाई व्यवस्था पर विशेष जोर देते हुए इसे सुधारने के निर्देश दिए। उन्होंने महिला वार्ड में महिला नर्सिंग कर्मियों की ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए, ताकि महिला मरीजों को दिक्कत नहीं आए। इसके अलावा उन्होंने मेडिकल कॉलेज के हॉस्टल में महिला गार्ड तैनात करने और सफाई कर्मचारियों की हाजिरी बायोमेट्रिक मशीन से लगाने के निर्देश दिए, ताकि वेतन भुगतान में दिक्कत नहीं हो ।

### शिक्षक सत्यनारायण का किया सम्मान

**निवाई, (निसं)।** राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय सरसडी रामपुरा में कार्यरत शिक्षक सत्यनारायण प्रजापति ने सांस्कृतिक स्त्रोत एवं प्रशिक्षण केन्द्र नई दिल्ली द्वारा आयोजित शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत 15 दिवसीय शिक्षा में पुतली कला की भूमिका सांस्कृतिक स्त्रोत एवं प्रशिक्षण केन्द्र क्षेत्रीय केन्द्र हैदराबाद में प्रशिक्षण प्राप्त किया है। जिनको शिविर में सम्मानित किया गया। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान शेडो पुतली, फिंगर पुतली, ग्लब्स पुतली,स्टीक पुतली, रॉड पुतली आदि की पुतलियां बनाना, उनका संचालन करना व उन्हें आवाज देना जैसी कई कलाएं सीखी। प्रशिक्षण में कई राज्यों के शिक्षकों ने भाग लिया। वहां की शिक्षण व्यवस्था एवं शिक्षण विधियों से रूबरू हुए। प्रशिक्षण में कई अंतरराष्ट ीय एक्सपर्ट द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कलाओं का प्रशिक्षण दिया गया।

### प्रशिक्षण शिविर आज

**निवाई, (निसं)।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में एसआईआर को लेकर 25 नवम्बर को निवाई-पीपलू विधानसभा क्षेत्र के बूथ लेवल अभिकर्ताओं का प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जाएगा। ब्लॉक अध्यक्ष एडवोकेट शंकरलाल जाट व शहर अध्यक्ष सतीश शर्मा ने बताया कि एसआईआर को लेकर 25 नवम्बर को सुबह11 बजे पटेल फार्म हाउस पर बूथ लेवल अभिकर्ताओं का प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिसमें पूर्व विधायक व पीसीसी महासचिव प्रशांत बैरवा, विधानसभा प्रभारी राजेंद्र चौधरी, जिला अध्यक्ष सऊद सईदी व निवर्तमान जिलाध्यक्ष हरिप्रसाद बैरवा सहित ब्लॉक की कार्यकारिणी, नगर अध्यक्ष मय कार्यकारिणी, मण्डल अध्यक्ष मय कार्यकारिणी, अग्रिम संगठनों के अध्यक्ष, पूर्व प्रधान, चेयरमैन, पूर्व चेयरमैन, पूर्व पार्षद एवं मनोनीत पार्षदों सहित कई कार्यकर्ता भाग लेंगे।

### स्वास्थ्य लाभ अभियान पोस्टर का विमोचन

**पावटा, (निसं)।** माता सुंदरी देवी सर्व समाज उत्थान समिति पावटा द्वारा चलाए जा रहे स्वास्थ्य लाभ अभियान के पोस्टर का विमोचन बंशीधर सैनी सेवानिवृत्त राजस्व निरीक्षक के कर कमलों द्वारा किया गया। इस अवसर पर पूर्व सरपंच एवं पंचायत समिति सदस्य मुकेश कुमार सैनी समाजसेवी गोविंद राम सैनी मनोज कुमार सैनी उपस्थित रहे। एमएसडी एनजीओ पावटा संयोजक एवं सामाजिक कार्यकर्ता मोहन लाल सैनी ने बताया कि एनजीओ द्वारा प्रत्येक गांव एवं ढाणी तक आमजन को स्वास्थ्य लाभ मिले इस उद्देश्य से पावटा, विराटनगर एवं कोटपुतली तहसीलों में प्रत्येक ठााम पंचायत मुख्यालय पर लगभग 60 निशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविरों का आयोजन किए जाएंगे। इसी क्रम में 26 नवंबर 2025 बुधवार समय 11 बजे से 2 बजे तक ग्राम पंचायत टसकोला में नि:शुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर का आयोजन किया जा रहा है ।

### धार्मिक अनुष्ठानों का होगा आयोजन

**निवाई।** नाटेश्वर नगरी नटवाडा में 25 नवंबर को श्री बद्रीनाथ धाम प्रबंधन एवं विकास समिति ट्रस्ट के तत्वावधान में श्री बद्रीनाथ शीतकालीन दर्शन महोत्सव 2०25 का भव्य आयोजन होगा। जिसमें कई संत एवं श्रद्धालु भाग लेंगे। ट्रस्ट के अध्यक्ष नाथूलाल शर्मा, कोषाध्यक्ष भंवरलाल जाट व भाजपा नटवाडा मंडल अध्यक्ष बद्री विजय ने बताया कि ग्राम पंचायत नटवाडा में 25 नवंबर को महामंडलेश्वर बालकानंद महाराज, मनीषदास महाराज एवं दिनेशदास नागा महाराज के सानिध्य में श्री बद्रीनाथ शीतकालीन दर्शन महोत्सव का भव्य आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि महोत्सव को लेकर 25 नवंबर को श्री बद्रीनाथ विशाल शोभायात्रा निकली जाएगी, 11:15 बजे भगवान बद्रीनाथ जी का अभिषेक, पूजन एवं अर्चन करके अलौकिक श्रृंगार करके झांकी सजाई जाएगी। दोपहर 3 बजे धर्म सम्मेलन का आयोजन होगा। 3:3० बजे महाप्रसादी का आयोजन होगा। इस दौरान भजन मंडलियों द्वारा भजन संकीर्तन एवं सत्संग का आयोजन किया जाएगा।

### पंचायत समिति की घोषणा पर जश्न

**मनोहरपुर/विराटनगर, (निसं)।** मेड कुंडला को नवसृजित पंचायत समिति का दर्जा मिलने पर पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई। वर्षों पुरानी मांग पूरी होने पर ठाामीणों ने राजस्थान के यशस्वी मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, जयपुर ग्रामीण के लोकप्रिय सांसद राव राजेंद्र सिंह और विराटनगर के युगपुरुष कुलदीप धनखड़ का समस्त जनता की ओर से हार्दिक स्वागत और अभिनंदन व्यक्त किया। घोषणा के बाद मेड, नवरंगपुरा, पालड़ी सहित आसपास के गांवों में लोगों ने आतिशबाज़ी की, लड्डू बांटे और एक-दूसरे को शुभकामनाएं देकर उत्सव का माहौल बनाया। इस मौके पर शिवपाल सूद, महेंद्र कसाना, मंडल अध्यक्ष महेश यादव, पुरण जी, बाबूलाल रावत, नवीन रावत, नंदलाल गुर्जर, रामप्रकाश नाई, बननाराम, धौलाराम, छाजूराम पोसवाल, रामकरण रावत, इस्लाम खान सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे। ग्रामीणों ने कहा कि नवसृजित पंचायत समिति बनने से क्षेत्र में प्रशासनिक कार्यों में तेजी आएगी और विकास को नई दिशा मिलेगी।

### ट्रेन की चपेट से महिला की मौत

**निवाई, (निसं)।** बयाना से जयपुर की ओर जा रही ट्रेन की चपेट में आने से 28 वर्षीय महिला की मौत हो गई। जीआरपी के पुलिस सहायक निरीक्षक सत्यनारायण जाट ने बताया कि रविवार की शाम करीब 7:15 पर बयाना से जयपुर ट्रेन से यात्रा कर रही सोनम का निवाई प्लेटफार्म पर संतुलन बिगड गया। जिससे वह ट्रेन की चपेट में आ गई। जिससे उसकी मौत हो गई। मृतका की पहचान सोनम केन (28)पत्नी रामेन्द्रसिंह जाटव निवासी जरीला तहसील रुपबास थाना रूदावल जिला भरतपुर के रुप में हुई।